हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त, 2025

11 वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर कर्मचारियों...



12 रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर उमड़ी भीड़ रोडवेज ...



लगातार सबसे आगे...........
H.D Birohar
Admission for 10+1 Sci., Commerce & Arts
दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत शिक्षा एवं संस्कार का संगम एच.डी बिरोहड़ CBSE Delhi affiliated, English Medium
रक्षाबंधन व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला स्तरीय खेलों में लहराया परचम
State Level Selection
1st Position in 4×400 Relay Race (U-19)
12th CBSE परिणाम में छाये H.D. के विद्यार्थी
95.6% Anjali D/o Sh. Hemchander Sehlanga
93.2% Vartika D/o Sh. Ajay Birohar
92% Navita D/o Sh. Surender Sehlanga
IIT/NIT
NDA Qualifier
NDA Selection
MBBS/BDS
Contact No. 8607128682, 8059923555 E-mail: hdpublicschoolbirohar@gmail.com

GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY
(A Haryana State Government University, Accredited A+ Grade by NAAC)
Established by Haryana State Legislative Act No. 17 of 1995 & Recognised by UGC Act 1956 u/s 12-B & 2(F)
आप सभी को रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION START
FROM 2 JULY TO 20 SEPTEMBER 2025
OPEN & DISTANCE LEARNING ODL/ONLINE MODE
CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION

P.G. PROGRAMMES (ODL & ONLINE)
- MBA (ODL/ONLINE)
- M.Com (ODL/ONLINE)
- MCA (ODL/ONLINE)
- M.A. Mass Communication (ODL/ONLINE)
- M.A. Mass Communication (Lateral Entry, Only ODL)
- M.Sc. Mathematics (ODL/ONLINE)
- M.A. English (ODL/ONLINE)
- M.A. Hindi (ODL/ONLINE)

DIPLOMA COURSES (ODL & ONLINE)
- Diploma in Computer Applications (ODL/ONLINE)
- Diploma in Guidance & Counseling (ODL/ONLINE)
- Diploma in Srimad Bhagavad Gita (ONLINE)
- Diploma in Data Science (ODL)
- Diploma in Business Analytics (ODL)
- Diploma in Supply Chain Analytics (ODL)
- Diploma in Financial Market (ODL)
- Diploma in Banking and Finance (ODL)
- Diploma in Industrial Health & Safety (ODL)
- Diploma in Food Quality Assurance (ODL)
- Diploma in Solid Hazardous Waste Management (ODL)
- Diploma in AI (ODL)
- Diploma in Cyber Security (ODL)
- Diploma in Spiritual Teaching of Guru Jambheshwar Ji Maharaj for Health

U.G. PROGRAMMES (ODL & ONLINE)
- B.Com (ODL/ONLINE)
- B.A. Mass Communication (ODL)
- Bachelor of Arts (ODL)

ONLINE DIPLOMA/CERTIFICATE COURSES (in Collaboration with HKCL)
- HS-CIT (A+) of 1 Year (Haryana State Certificate in IT Advanced Application)
- HS-CIT (A) of 6 Months (Haryana State Certificate in IT Application) Certificate in Information Technology
- Certificate in English Communication & Soft Skills
- Certificate in Office Assistance
- Certificate in Data Entry and Data Management
- Certificate in Financial Accounting
- Certificate in Advanced Excel
- Certificate in Advanced Tally (with latest version of Tally Prime)
- Certificate in Banking, Financial Services and Insurance (BFSI)
- Certificate in Advanced Accounting
- Certificate in Retail Management
- Certificate in IT Network Support
- Certificate in IT Security Support
- Certificate in IT Desktop & Hardware Support
- Certificate in Photo Editing
- Certificate in Adobe (DTP)
- Certificate in Coral Draw (DTP)
- Certificate in AutoCAD
- Certificate in Graphic Designing
- Certificate in Web Designing
- Certificate in Video Editing
- Certificate in C & C++ Programming
- Certificate in Java
- Certificate in Database Management System (DBMS)
- Certificate in Data Structures using C and C++
- Certificate in Python
- Certificate in PHP
- Certificate in HTML with CSS
- Certificate in C#
- Certificate in Digital Freelancing
- Certificate in Social Media Marketing

RDMIT
Address: HARTRON SKILL CENTRE, Main Road, Gandhi Nagar, Ward No. 02, Near Adarsh School, Charkhi Dadri
Contact: 98122 55088, 73571 51000, 01250-461497 | Email : hartron.charkhidadri@gmail.com
Enhance your talent...
HARTRON
SKILL CENTRE GANDHI NAGAR CH. DADRI
A TRAINING INSITUTUE WITH EXCELLENT FACILITY




Scan the QR code to find the nearest Tanishq store
To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply.
शोरूम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000

## खबर संक्षेप

### छात्र परिषद को विभिन्न पदों की शपथ दिलाई

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में विद्यार्थी परिषद का पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 70 सदस्यीय छात्र परिषद को विभिन्न पदों की शपथ दिलाई गई और विद्यालय नेतृत्व का भार सौंपा गया। शुक्रवार को विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया व उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में राघव वशिष्ठ को हेड बॉय व स्नेहलता को हेड गर्ल नियुक्त किया गया।

### दा ऑकवुड स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**भिवानी।** रक्षाबंधन के उपलक्ष में दि ऑकवूड स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों में बढ़-चढक़र भाग लिया और अपने हाथों से अनेक सुंदर रक्षा सूत्रो का निर्माण किया। रंग-बिरंगे धागों मोतियों तथा पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का चयन बच्चों की प्रखर बुद्धि को रेखांकित कर रहा था।

### हर घर तिरंगा पर निबंध प्रतियोगिता हुई आयोजित

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभक्ति समारोह के अंतर्गत बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय हर घर तिरंगाथा, जिसका उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रीय गौरव और जागरूकता को बढ़ावा देना था।



### राखी बनाओ और रंगोली सजाओ में दिखाई प्रतिभा

**भिवानी।** डोबी तालाब स्थित मेगा माइंड किड्स स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर राखी बनाओ व रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यतिथि विद्यालय की प्राचार्य मंजू शर्मा रही। छात्रों ने वेस्ट मेटेरियल व रंग बिरंगे रंगों से रंगोलियां बनाई, जो बड़ी ही आकर्षक लग रही थी। प्राचार्य मंजू शर्मा ने प्रतिभागी छात्रों की प्रतिभा की खूब प्रशंसा की। प्राचार्या मंजू ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के आपसी प्रेम व स्नेह का त्योहार है।

---

लोहारू रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में सतसंग का आयोजन

# त्योहार हमारी संस्कृति और इतिहास का स्मरण ही नहीं,बल्कि रिश्तों को मजबूत करते: कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्षाबंधन के अनेक गुण हैं। ऐसे त्योहार ना सिर्फ हमारी संस्कृति और इतिहास का स्मरण कराते हैं बल्कि सांसारिक और रूहानी नातों को भी मजबूत करते हैं। गुरु का सत्संग भी ऐसा ही त्यौहार है जो हमारे जगत में उल्लास और आनंद भरता है और अगत को संवार कर प्रभु चरणों की दात देता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने दादरी के लोहारू रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में प्रकट किए। साध संगत को रक्षाबंधन की शुभकामना देते हुए हुजूर कंवर



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब।

साहेब ने फरमाया कि हुजूर महाराज ने कहा कि वैसे तो इस त्यौहार की अनेको कहानियां और प्रसंग हैं। हमें प्रसंग चाहे ना पता हो लेकिन हमें इसके महत्व को अवश्य जानना है।हर त्यौहार के पीछे एक संदेश छुपा होता है और वैसा ही प्रेरक सन्देश रक्षाबन्धन के पीछे भी है। रक्षा बन्धन का पर्व जहां कृष्ण द्रौपदी से जुड़ा है वहीं राजा बलि से भी जुड़ा है और ना जाने कितने प्रसंग इस पवित्र त्योहार से जुड़े हैं। सिकन्दर और पुरु का प्रसंग इससे जुड़ा है और चितौड़ की रानी तथा हुमायूं का भी किस्सा उससे जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इतने प्रसंग बताते हैं कि यह केवल बहन भाई के रिश्ते का ही त्यौहार नहीं है। यह तो पिता पुत्र मां बेटा गुरु शिष्य के नातो का भी त्यौहार है। उन्होंने फरमाया कि सन्त सतगुरु शिष्य को जगाने का और उसकी भटकन मिटा कर उसे सत का मार्ग दिखाने का कार्य करते हैं। जीव पर अनेको बन्धन हैं और सतगुरु इन्हीं जगत बन्धनों का काटते हैं और उसे परमात्मा के बंधन में बांधने का कार्य करते हैं। सतगुरु अपने जीव को सूत का धागा नहीं बांधते वे भाव का और भक्ति का धागा बांध कर उसे अनेकों झीने और गाढ़े बंधनो को काटते हैं।रक्षाबन्धन का त्यौहार भी इसी तरह के पाक पवित्र बंधन का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि संतो ने बार बार चेताया है कि जिस वस्तु को हम दुनिया में ढूंढते हैं वह तो हमारे अंतर में ही है। निश्चित रूप से पवित्र स्थानों में बहुत पवित्र रेडिएशन होती हैं जो हमारे ख्यालों को परिवर्तित करती है लेकिन यह परम तत्व नहीं है।निश्चित रूप से परमात्मा कण कण में वास करता है लेकिन हम ये क्यों नहीं समझते कि वो हमारे अंदर भी वास करता होगा।

#### बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान दो

गुरु महाराज ने सामाजिकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि बच्चों को व्हाट्स एप या सोशल मीडिया का ज्ञान नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान दो। मां बाप की कमाई उनकी संतान है। खोखली नींव पर महल नहीं बन सकता। अपनी संतति को नशे और दुर्व्यसन से दूर रखो। अपने आदर्शो से बच्चो को प्रभावित करें। अगर संतान बिगड़ गई तो सारी भक्ति सारे त्यौहार फीके हैं। सामाजिक सम्पन्नता से ही आध्यात्मिक सम्पन्नता आएगी। स्वर्ग कहीं दूर नहीं है स्वर्ग आपके अपने घर में हैं बशर्ते कि घर प्यार प्रेम और संस्कार की त्रिवेणी हो। पहले स्वयं को साधो फिर और सधेंगे। कमाई बेशक थोड़ी हो लेकिन संस्कार बेहद हो। उन्होंने कहा कि सतगुरु सबका अच्छा ही करता है। आप अपने विश्वास पर अडिग रहो। उसकी लाखों करोड़ों आंखे हैं। वो सबको देखता है। संतो के दरबार से जुड़े रहो क्योंकि जो कुछ होगा सहज सहज होगा। संयम रखो और गुरु में आस्था रखो। पवित्र रहो क्योंकि परमात्मा पवित्र है और पवित्र को पवित्र ही पसंद आते हैं।


---

एचडी स्कूल बिरोहड में रक्षाबंधन पर्व मनाया

## स्पर्धाओं में बच्चे देते हैं कल्पनाओं को उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एचडी स्कूल बिरोहड में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में काइट मेकिंग, राखी मेकिंग प्रतियोगिता और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, कला कौशल और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया। राखी मेकिंग में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



- पतंग बनाते समय बच्चों ने अपने-अपने रंगों का प्रयोग करते हुए आकर्षक डिजाइनों का निर्माण किया

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पतंग बनाते समय बच्चों ने अपने-अपने रंगों का प्रयोग करते हुए आकर्षक डिजाइनों का निर्माण किया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के अंत में निदेशक महोदय ने बच्चों के उत्साह और कला के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं बल्कि उनकी सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सरस्वती विद्या विहार में पोस्टर मेकिंग और रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन



भिवानी। प्रतिभागियों के साथ स्कूल प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी व शिक्षक।

**भिवानी ।** आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता, छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंग-बिरंगे मोतियों, रेशम की डोरियों और आकर्षक सजावट सामग्री से सुंदर एवं मनमोहक राखियां तैयार कीं, वहीं पोस्टर मेकिंग में छात्रों ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, त्योहार की महत्ता और सांस्कृतिक संदेशों को अपने चित्रों के माध्यम से जीवंत कर दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से प्रथम अयान,द्वितीय पंकज व तृतीय स्थान मनुज ने, कक्षा सातवीं से प्रथम यश बोहरा,द्वितीय यश यादव व तृतीय स्थान अंशु ने ,कक्षा छठी से प्रथम रूद्र, द्वितीय यश जांगड़ा व तृतीय स्थान कृष ने प्राप्त किया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से प्रथम अंशुल,द्वितीय सोनाक्षी व तृतीय स्थान निधि ने, कक्षा सातवीं से प्रथम आरवि, द्वितीय मानसी व तृतीय स्थान कृषा ने, कक्षा छठी से प्रथम जागृति द्वितीय कनक व तृतीय स्थान प्रीति ने प्राप्त किया। कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और पहली से जीया, दूसरी से जिनीशा और प्रियांशु, तीसरी से यशवी और जयंत शर्मा, चौथी से तानिया और हैप्पी व पांचवी से कार्तिक व भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### आरईडी स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

चरखी दादरी । आरईडी स्कूल चरखी में राखी बनाओ गतिविधि का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के कलात्मक एवं सृजनात्मक कौशल को विकसित करना है। यह गतिविधि विद्यालय के पूर्व-प्राथमिक व प्राथमिक वर्ग में कक्षावार आयोजित की, जिसमें नर्सरी से लेकर 5वीं कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नन्हें बच्चों ने एक दूसरे को राखी बांधी व मिठाई बांटी। उन्होंने रंग-बिरंगी राखियां खुद अपने हाथों से बनाई। कक्षा प्रथम व द्वितीय के बच्चों ने राखी सजावट गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### पेड़ों को राखी बांधकर बचाने का दिया संदेश



**भिवानी।** लिटिल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूलस के सभी स्कूलों में सावन माह के दौरान आने वाले विभिन्न त्योहारों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी स्कूलो की प्री-प्राइमरी विंग द्वारा राखी बंधन गतिविधि का आयोजन किया, जिसमें एलकेजी व युकेजी कक्षा के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। लिटल हार्टस इन्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने पेड़ को राखी बाँधते हुए पेड़ बचाओं के संदेश दिए। लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर में चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर राखी व पतंगे बनाकर अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन किया। प्रबंधक सतीश गोयल व रवि गोयल, निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल व निश्चल गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आयोजन न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देता है, बल्कि भाई-बहनों के बीच के रिश्ते को भी मजबूत करता है।

### दांतों की बीमारियों की जानकारी दी



**भिवानी।** हमारा अपना फाउंडेशन के तत्वावधान में डीएवी. पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन भिवानी में दंत व स्किन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें त्रिवेणी डेंटल भिवानी की टीम ने बच्चों के दांतों की गहराई से जांच की तथा त्रिवेणी डेंटल के संचालक डॉक्टर कपिल ने बच्चों के दांतों में होने वाली बीमारी व उनके रोक थाम तथा बचाव के तरीके के बारे में पूर्ण जानकारी दी तथा स्किन संबंधित रोगों की जानकारी डॉक्टर साक्षी ने दी । सभी बच्चों व अभिभावकों ने बड़ी उत्सुकता से उनकी बाते सुनी व उन पर अमल करने पर सहमति जताई । शिविर के दौरान ही स्कूल में बच्चों द्वारा सामाजिक विज्ञान में अतीत की गूंज व भविष्य की आवाज़ विषय पर तरह तरह के माडल बना कर प्रदर्शनी आयोजित की जिसका अवलोकन स्कूल प्राचार्या वह वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन व फाउंडेशन के कोर कमेटी के अध्यक्ष आर पी ओला ने किया और प्रदर्शनी में विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुये भविष्य में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक गण, स्कूल स्टाफ तथा फाउंडेशन के सी. ई. ओ. एस.के. सिंह मौजूद रहे ।

### 100 मीटर दौड़ में देवेंद्र ने मारी बाजी



**भिवानी।** मॉडल संस्कृति स्कूल कैरू में खंड स्तरीय विद्यालय खेल- कूद प्रतियोगिता के समापन दिवस पर अनेको प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र गिल ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शिवम स्कूल ,लोहानी के 100 मीटर रेस में देवेंद्र प्रथम, 200 मीटर रेस में नितेश प्रथम, 400 मीटर रेस में राहुल द्वितीय, 1500 मीटर रेस में योगेश प्रथम, हाई जंप में नितेश प्रथम, लॉन्ग जंप में नितेश द्वितीय स्थान पर, डिस्कस थ्रो में प्रांशु द्वितीय स्थान पर, डिस्कस थ्रो में हर्षित प्रथम, जैवलिन थ्रो में मनीष प्रथम, शॉट पुट में गौरव प्रथम, कुश्ती में युवराज 80 किलों ग्राम भार में कुसुंभी से प्रथम, नमन गिल 71 किलोग्राम वर्ग भार में कुश्ती में प्रथम, 61 किलो वर्ग भार में हिमांशु प्रथम, हनी 68 किलो वर्ग भार में प्रथम, यश प्रथम, स्केटिंग में सक्षम प्रथम, फेंसिंग में महक प्रथम, शतरंज में अवनी तंवर प्रथम स्थान पर रही। उपरोक्त सभी छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शिवम स्कूल, लोहानी से प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्कूल संचालक देवेंद्र सिंह तंवर, निशांत तंवर, प्राचार्य संजय शर्मा ने स्वागत किया।

### आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंदकलां में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**चरखी दादरी ।** बौंदकलां आदर्श वमा विद्यालय में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें राखी मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, थाल सजावट, गायन एवं ग्रुप डांस में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशलता का प्रदर्शन करते हुए बहुत सुंदर राखियां बनाई। प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव एवं एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर कंवर सिंह यादव ने रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### दिव्यांग छात्र- छात्राओं ने राखियां बनाई



**भिवानी।** आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व स्पेशल स्कूल में आज रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग छात्र- छात्राओं ने रंग-बिरंगी राखियां बनाई व और थाली सजाकर भाई-बहन के पवित्र बंधन का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्माकुमारी बहन रजनी ने संस्था निदेशक डॉ० राजेश श्योराण को राखी बांधकर की। संस्था के निदेशक ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक है। अंत में छात्राओं ने अपने सहपाठियों और शिक्षकों को राखी बाँधकर मिठाइयां खिलाई। पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल देखने को मिला और बच्चों ने भारतीय परंपराओं को सहेजने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था सचिव श्रीमती सरिता श्योराण, प्रिंसिपल अनीता वर्मा, कोऑर्डिनेटर शारदा शर्मा,ज्योति शर्मा, हरिकिशन शर्मा, कॅप्टन राजेन्दर, कॅप्टन सुखबीर धायल, कॅप्टन सोमवीर यादव, रिंकू कुमार, विनोद, अनीता शर्मा, मंजू, ममता कादयान,रिंकू, शशी बाला,सपना, देवेंदर, आदि स्टाफ गण उपस्थित रहे।

---

## शिक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं संग मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया, जहां उन्होंने पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री रेखा राघव सहित अन्य महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री को राखी बांधी और उनकी लंबी आयु की कामना की।

इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ व



मंत्री को राखी बांधती जिला महामंत्री रेखा राघव।

बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ढांडा शुक्रवार को भिवानी जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद सुनने पहुंचे थे। इससे पूर्व वे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे तथा रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व यह सिर्फ एक परंपरा नहीं थी, बल्कि कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना को व्यक्त करने का एक तरीका भी था।

## राखी बनाओ प्रतियोगिता में झलके देशभक्ति के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय नांधा में शुक्रवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियां तैयार की, जिनमें देशभक्ति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का संचालन मुख्य शिक्षक रमेश कुमार व शिक्षक तरुण कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बच्चों को राखी पर्व के महत्व और भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ देशप्रेम की भावना से जुड़ने का संदेश दिया। राखियों पर तिरंगे के रंग, अशोक चक्र और प्रेरणादायक संदेशों ने सबका मनमोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय यादव ने बच्चों के उत्साह एवं रचनात्मकता की सराहना की और खुशी, मनीषा, आरती, दिव्या व शिवानी आदि को प्रोत्साहित किया।

## रक्षाबंधन के महत्व पर कविताएं सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व पर कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के चेयरमैन



कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी की छात्राओं ने छात्रों के तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

छात्रों ने विद्यालय के चेयरमैन एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को भी कलाई पर राखी बांधी। वहीं कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'राखी बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर राखियां बनाईं।

---

कैबिनेट मंत्री ने बरसाती पानी से प्रभावित गांवों में टैंकरों से स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के दिए निर्देश

# बरसाती पानी की निकासी के लिए मास्टर प्लान बनाकर किया जाएगा स्थाई समाधान

- विकास कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी : श्रुति चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सिंचाई और महिला एवं विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बरसाती पानी का स्थाई समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान तैयार करके जिला के जलभराव से प्रभावित क्षेत्र में समस्या का स्थाई निवारण किया जाएगा। श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को गांव दांग खुर्द, दांग कलां, सागवान, बीरण व बापोड़ा में जल भराव क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को





तोशाम। पानी की निकासी को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देती मंत्री व : खेतों में जमा पानी देखती मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो : हरिभूमि

अतिशीघ्र समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बरसाती पानी से सम्बन्धी ग्रामीणों की समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। तोशाम विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं । क्षेत्र के गांवों में करोड़ों रूपए की लागत से अनेक विकास परक परियोजनाएं चल रही हैं। विकास कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की निर्माण कार्यों में सही गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग करें। विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाला पैसा सही जगह पर लगना चाहिए। विकास कार्यों में लापरवाही कतई सहन नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवों में पीने के पानी की समस्या है, वहां टैंकरों के जरिए स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल घरों को साफ करके उनमें स्वच्छ पानी डाला जाए। लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाया जाए।

#### कई तरह की बीमारियां पनप रही

श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को पानी के कारण बीमारियों का सामना न करना पड़े। गांव व खेतों में पानी जमा होने के कारण कई प्रकार की बीमारियां पनप जाती हैं। पशुओं में भी बीमारी का भय बना रहता है। इस पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गांव में बीमारियों के फैलने से पहले ही वहां सफाई व दवाओं से सम्बंधित स्थाई समाधान करें और पशुओं की बीमारियों से पहले ही काबू पाना सुनिश्चित करें। गांव बीरन में लड़कियों के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बरसाती पानी घुसने के उपरांत स्कूल की कक्षाएं बाबा बुढ़ा मंदिर के हाल में लगाने की स्थिति में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने छात्राओं से मुलाकात की और स्कूल से तुरन्त प्रभाव से पानी निकासी के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने छात्राओं को इसके स्थाई समाधान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने शिक्षकों एवं छात्राओं से विस्तार से बात की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योग्यता के आधार पर युवाओं को बिन खर्ची-बिन पर्ची नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना और गांवों में मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना प्रदेश व केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**भिवानी।** आमजन को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ की प्रेरणा एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार एवं समाजसेवी रमेश सैनी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मानहेरू स्थित सीएचसी में नर्सिंग अधिकारियों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर रोपित किए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी नर्सिंग अधिकारियों ने ली।

### राजीव गांधी महिला कॉलेज में रोपे पौधे

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है, आज के मशीनीकरण के युग में पर्यावरण प्रदूषण भयानक रूप लेता जा रहा है, जिसको पेड़ पौधे रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### बीआरसीएम ज्ञान कुंज परिसर में रोपे पौधे

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञान कुंज स्कूल के स्काउट्स ने प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान की प्रभावशाली शुरुआत की। सीनियर स्काउट मास्टर भीम सिंह पूनिया एवं जोगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर एवं उसके आसपास 50 से अधिक पौधे लगाए गए।

### तिरंगा देश की आन बान और शान का प्रतीक

**भिवानी।** तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान है हमें इसके सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए । यह हमारे देश की आजादी का प्रतीक है जिसे हमारे देश के शहीदों ने अपने खून से खींचा था हमें उनकी कुर्बानी को सदैव याद रखना चाहिए। जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जिला 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही।

### पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** युवा कल्याण संगठन द्वारा शुक्रवार को जाट धर्मशाला में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, गया। जिसमें पूर्व राज्यपाल चौधरी सतपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने सतपाल मलिक को किसानों का सच्चा हितैषी बताया और कहा कि उन्होंने जीवन भर किसानों के हक की लड़ाई लड़ी। कमल प्रधान ने चौधरी सतपाल मलिक के केंद्र में मंत्री और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रहते हुए भी किसानों के लिए संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मलिक ने हमेशा किसानों के मुद्दों को उठाया और सरकारों की खिंचाई करने से कभी पीछे नहीं हटे। इस दौरान सभी वक्ताओं ने एक सुर में उत्तर प्रदेश सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि चौधरी सतपाल मलिक को उनकी महान सेवा के बावजूद राज्य सम्मान नहीं दिया गया, जो सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

---

विभिन्न गांवों में जलभराव, निकासी व मुआवजे की उठाई मांग

# माकपा ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन







**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते माकपा के सदस्य व लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते माकपा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति को अलग-अलग ज्ञापन भिजवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

माक्सर्वादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी ने जलभराव की समस्या व केन्द्र सरकार द्वारा उठाए जनविरोधी कदमों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति को अलग-अलग ज्ञापन भिजवाए। उपायुक्त की ओर से ज्ञापन लेने समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र हुड्डा पहुंचे। प्रदर्शन की अध्यक्षता माकपा सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास व जिला कमेटी सदस्य संतोष देशवाल ने की। माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि बवानीखेड़ा, तोशाम व भिवानी तहसील के दो दर्जन से ज्यादा गांवों में भंयकर जलभराव है। उन्होंने कहा कि समय रहते जिला प्रशासन ने ड्रेनों की क्षमता नहीं बढ़ाई, किनारे मजबूत नहीं करवाए, परिणाम स्वरूप जलभराव ने खरीफ फसल बर्बाद कर दी। रबी फसल भी नहीं हो पाएगी, इसलिए प्रशासन और सरकार को जलभराव निकालने, फसल क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने, जलभराव क्षेत्र की विशेष गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिलाएं तथा बर्बाद मकानों व दिहाड़ी करने से मजदूरों को भी वाजिब हर्जाना मिले एवं जलभराव पीड़ित गांवों में 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देकर 200 दिन का मनरेगा का काम लगवाएं। बढ़ाई गई बिजली दरें व खाद्य तेल कीमतों को वापस लिया जाए, भवन निर्माण मजदूरों की सुविधाएं लागू हो, किसानों का 350 करोड़ बीमा फ्रॉड पैसा वापस दिया जाए। राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाकर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) रद करने, महाराष्ट्र जनसुरक्षा विधेयक निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर राज्य को पूर्ण राज्य दर्जा देने, बंगालियों का प्रत्यार्पण रोकने व राज्यपालों द्वारा संवैधानिक पद का दुरूपयोग रोकने बारे मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मतदाना सूचियों में संशोधन करने की बजाय नागरिकता कानून लागू करने का काम कर रहा है, जो उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन को माकपा नेता करतार ग्रेवाल, कामरेड अनिल, रामफल देशवाल, रत्न कुमार जिंदल, सजन कुमार सिंगला, कुलदीप बड़वा, सुमेर धारणी, राजेश कुंगड़, बिमला घनघस, मास्टर वजीर सिंह, नरेश शर्मा, चंद्रभान नाहलिया, उपासना सिंह, रामोतार बलियाली, अनुराधा, महेन्द्र प्रजापति, महेन्द्र मिताथल, राजबीर कादियान, महाबीर फौजी, वेदप्रकाश खेड़ी, प्रतापसिंह सिंहमार, नरेन्द्र धनाना व ओमप्रकाश दलाल आदि ने संबोधित किया।

---



**भिवानी।** मांगो को लेकर प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- वर्ष 2022 से लंबित है वेतन बढ़ोत्तरी की मांग, सरकार कर रही है अनदेखा
- जल्द वेतन बढ़ोत्तरी नहीं हुई तो 25 अगस्त को होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रैडक्रॉस भवन के सामने शुक्रवार को सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने एक घंटे के लिए रोष प्रदर्शन प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सभी सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर यूनाइटेड इंडिया ऑफिसर एसोसिएशन के रीजनल सैकेटरी उदय सिंह ने कहा कि सरकारी बीमा कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अगस्त-2022 से लंबित वेतन बढ़ाए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर रोष जताया। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़ाए जाने की मांग को लेकर वे बार-बार वित्त मंत्रालय को अवगत करवा चुके है, लेकिन उनकी मांग को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। जिसके चलते सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों व अधिकारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, वही दूसरी तरफ सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों व अधिकारियों को मामली से वेतन पर ही संतोष करना पड़ रहा है, जिसके चलते उनके समक्ष आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही है तथा वे मानसिक तनाव में जीवन जीने को मजबूर हो है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द ही उनकी मांग को पूरा नही करती है तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेवारी सरकार की है। इस अवसर पर यूनाइटेड इंडिया ऑफिसर एसोसिएशन के रीजनल सैकेटरी उदय सिंह ने कहा कि सरकार जान-बूझकर उनका वेतन नहीं बढ़ा रही। इस अवसर पर प्रवेश नेशनल इंश्योरेंस, अंकित डाबड़, नीरज शर्मा, पीयूष सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---

# नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मानित

- संतोष देशवाल तहसील प्रधान व करतार ग्रेवाल बने तहसील सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी




**भिवानी।** शहीद भगत सिंह स्मारक में ध्वज फहराते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

शहीद भगत सिंह स्मारक में अखिल भारतीय किसान सभा तहसील भिवानी का दूसरा त्रिवार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता नरेंद्र धनाना व राजकुमार दलाल ने संयुक्त रूप से की तथा मंच संचालन करतार ग्रेवाल ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि किसान सभा की स्थापना 1936 में लखनऊ में की गई थी। इससे पहले भिवानी जिले में 9 जनवरी 1929 में अलखपुरा गांव में पंडित नेकीराम शर्मा व चौधरी लाजपतराय अलखपुरा ने की। किसान सभा ने देश स्तर पर बड़े बड़े जमीदारों व सामंतो के खिलाफ लड़ाई लड़कर मुजारों को जमीनें दिलवाई थी। आज ही के दिन लोहारू के नवाब के खिलाफ लड़ते हुए 23 किसान सिंघानी में नवाब की सेना की गोलियों से शहीद हुए थे, जिनमें दलित, पिछड़े किसान व महिला भी शामिल थे। इस आंदोलन में सुंदरी नाम की महिला भी शहीद हुई थी। सम्मेलन में प्रस्ताव पास कर किसानो के लोहारू महापड़ाव व बवानीखेड़ा तहसील के दो दर्जन से अधिक गांव में जलभराव निकासी व प्रभावित किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग का प्रस्ताव पास किया।

# जलभराव की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

- किसानों की समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** जलभराव को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

बवानीखेड़ा क्षेत्र में इस बार मॉनसून की भारी बारिश ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। कई गांवों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे धान और बाजरे की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। इसी मुद्दे पर रानिया से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने बवानीखेड़ा क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ प्रभावित गांवों का जायजा लिया। विधायक के इस दौरे के दौरान इनेलो के बवानीखेड़ा हल्का प्रधान कृष्ण मिताथल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा तथा ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों के बदले उन्हें कम से कम 50 हजार प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए ताकि वे हुए नुकसान की भरपाई कर सकें। इसके साथ ही ही मिताथल ने विधायक अर्जुन चौटाला से यह भी मांग की गई कि वे विधानसभा में किसानों की इस गंभीर समस्या को उठाएं और सरकार पर मुआवजा देने के लिए दबाव बनाएं। इनेलो बवानीखेड़ा हल्का प्रधान कृष्ण मिताथल ने कहा कि बवानीखेड़ा क्षेत्र के किसान भारी बारिश और जलभराव के कारण बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि किसानों की समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

**आश्वसन दिया**

उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे है तथा इस जलभराव ने उनके समक्ष और अधिक परेशानियां खड़ी कर दी है। इस मौके पर विधायक अर्जुन चौटाला ने आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे तथा विधानसभा में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएंगे। इस अवसर पर इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु, पूर्व विधायक ओमप्रकाश गौरा, सुनील लांबा, युवा प्रदेश महासचिव निशांत ढांडा, दिलबाग चेयरमैन, युवा जिला अध्यक्ष संदीप घणघस, अनिल पंघाल रहे।

---



## सतयुग में गोपियों का प्रेम निष्कलंक प्रेम का प्रतीकः आचार्य

**भिवानी।** खाकी बाबा मंदिर स्थित श्रीलाल महादेव अखाड़े वाले मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव अपने भक्तिभाव एवं आध्यात्मिक वातावरण में छठे दिन भी निरंतर जारी रही है, ये भव्य आयोजन सेठ मूलचंद झील प्रबंध समिति भिवानी द्वारा करवाया जा रहा है, जिसमें हर दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर श्रीकृष्ण लीलाओं का श्रवण कर भावविभोर हो रहे हैं। कथा महोत्सव का छठा दिन भगवान श्रीकृष्ण व उद्धव संवाद प्रसंग, गोपियों के विरह की वेदना एवं भगवान श्रीकृष्ण और रूकमणी विवाह उत्सव को समर्पित रहा। कथा व्यास स्वामी गोवर्धन आचार्य महाराज ने भगवान और उद्धव प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परममित्र उद्धव को गोकुल भेजा, तो गोपियों ने उन्हें घेरकर श्रीकृष्ण के हालचाल पूछे और अपने हृदय की विरह वेदना प्रकट की। उन्होंने बताया कि गोपियों का प्रेम सांसारिक नहीं बल्कि आत्मिक और निष्कलंक प्रेम का प्रतीक है, जो आज के युग में भी एक आदर्श उदाहरण है। इसी कड़ी में भगवान श्रीकृष्ण और देवी रूकमणी के विवाह प्रसंग का वर्णन भी अत्यंत भावनात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस प्रसंग का वर्णन होते ही पंडाल जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु आनंदित हो उठे।

# बंद साइट खुलवाने की मांग उठाई

- निर्माण मजदूरों की बंद साइट खुलवाने की मांग लेकर सांसद किरण चौधरी को ज्ञापन सौपा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर भ्रष्टाचार के नाम पर बंद किए गए बोर्ड को खोले जाने, 90 दिन कि तसदीक यूनियनों को दिए जाने, 26000 रुपए मासिक दिहाड़ी, निर्माण मजदूरों की बंद साईट खुलवाने की मांग लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के भिवानी व चरखी दादरी के प्रतिनिधिमण्ड़ल ने भिवानी-महेन्द्रगढ सांसद चौ.धर्मबीर सिंह, राज्य सांसद किरण चौधरी, मंत्री श्रुति चौधरी व भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ के नाम ज्ञापन उनके पीए को सौपा। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमडल में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा भिवानी जिला प्रधान सदीक डाडम, सीटू व यूनियन जिला सचिव अनिल कुमार, दादरी जिला संयोजक सुमेर सिंह धारनी, रोशनलाल धारनी, भिवानी जिला उपाध्यक्ष महाबीर चांग, भगवान रिवासा, हरिश सरल, सीटू नेता कुलदीप बड़वा, भीम सिंह, बंसीलाल बड़वा आदि मौजूद थे। सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द बोर्ड की साईट को खोले अन्यथा निर्माण मजदूर कारीगर 25 अगस्त को नेहरू पार्क भिवानी में हजारों की सख्या में इक्टठा होकर जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन व 14 सितंबर में श्रम मंत्री आवास अंबाला पर राज्य स्तरीय रोष प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

# जीवन भर की पूंजी को लेने के लिए दर-दर भटक रही 70 वर्षीय बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



सरोज देवी

- दिन दहाड़े मां-बेटी से नकदी छीनकर ले गया था लुटेरा

बवानी खेड़ा में बुजुर्ग महिला से रूपए लूटने को लगभग 14 माह का समय हो गया है लेकिन 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के रूपए वापिस नहीं मिले हैं। बुजुर्ग महिला की मानें तो रूपयों को वापिस लेने को लेकर वह स्थानीय पुलिस स्टेशन से लेकर एसपी, डीसी, विधायक, तत्कालीन मंत्री, मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुकी है लेकिन उसे हर तरफ से बेरूखी मिली है। अब बुजुर्ग महिला के हौंसले पस्त हो गए हैं क्योंकि बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुकी है। बवानी खेड़ा के वार्ड 10 निवासी सरोज देवी की मानें तो उसके पति ने लोगों से रूपए उधार लिए थे और उन्हें रूपए वापस देने के लिए उसने वह 4 जून 2024 को अपनी बेटी हेमलता के साथ बवानी खेड़ा के भारतीय स्टेट बैंक से लगभग दो लाख 6 हजार रूपए निकलवाए थे और 74 हजार उसके पास पहले मौजूद थे इस प्रकार 2लाख 80 हजार रूपए लेकर वह अपनी पुत्री के साथ घर जा रही थी ताकि लोगों की अदायगी की जा सके। घर के पास पहुंचने से पहले ही एक युवक ने उसके हाथ से रूपयों का थैला छीनकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

---

सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को एसीपी का नहीं मिल रहा लाभ

# अध्यापक सभा ने शिक्षामंत्री ढांडा को सौंपा ज्ञापन

- सहायता प्राप्त स्कूलों में मिलती थी एसीपी, सरकारी में आने के बाद सैंकड़ों शिक्षक लाभ से वंचित
- समायोजन के बाद पदोन्नति, अर्जित अवकास व सीनियरटी का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते समायोजित अध्यापक सभा के सदस्य लक्ष्मण गौड़। *फोटो : हरिभूमि*

वर्ष 2018 में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सहायता प्राप्त स्कूलों से सरकारी स्कूलों में समायोजित किए गए शिक्षकों को अनेक परेशानियों एवं आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा हैं। इस संबंध में समायोजित अध्यापक सभा ने शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की। समायोजित अध्यापक सभा के राज्य प्रधान सतीश कुमार धीमान ने बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों का समायोजन करके सराहनीय कार्य किया था, जिससे सहायता प्राप्त स्कूलों में शोषण झेल रहे शिक्षकों को राहत मिली थी, लेकिन अब भी उनकी कुछ मांगें एवं समस्याएं अधूरी हैं।

**समाधान की गुहार लगाई**

शुक्रवार को समायोजित अध्यापक सभा ने बवानीखेड़ा हल्के के गांव प्रेमनगर में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञापन सौंपकर समाधान की गुहार लगाई। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ व बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी उनकी मांग का समर्थन किया और उन्हें जल्द पूरा करने के लिए शिक्षा मंत्री ढांडा से आग्रह किया। राज्य प्रधान सतीश कुमार धीमान व सभा के सदस्य राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने बताया कि सहायता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को उस समय सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) का लाभ मिलता था, लेकिन अब सैंकड़ों शिक्षकों को 15-20 हजार रुपये का सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) का लाभ नहीं मिलने से नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। इसके अलावा समायोजन के बाद शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा और न ही अर्जित अवकास व सीनियरटी दी जा रही।

# पूर्व राज्यपाल को दी श्रद्धांजलि

- पूर्व राज्यपाल मलिक को भारतरत्न से सम्मानित करें सरकार : नफेसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देते राष्ट्रीय घणघस खाप के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

जाट धर्मशाला में राष्ट्रीय घणघस खाप की ओर से पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर खाप पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता नफेसिंह ने कहा कि सत्यपाल मलिक न केवल कुशल राजनेता थे, बल्कि संवेदनशील और निष्ठावान समाजसेवी भी रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा किसानों, मजदूरों और जनहित में आवाज बुलंद की। विशेषकर किसान आंदोलन के दौरान उनके स्पष्ट और निर्भीक विचारों ने किसानों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल ने किसानहित में कई सराहनीय कार्य किए, जो हमेशा याद रखे जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि सत्यपाल मलिक के योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत भारतरत्न से सम्मानित किया जाए। इस मौके पर कमल सिंह प्रधान, बलबीर बजाड़, राजा घणघस, अजित फौजी घणघस आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### मुकेश के मुरीद संगीत कार्यक्रम दस को

**भिवानी।** महान पार्श्व गायक मुकेश चंद माथुर के प्रशंसकों की संगीत संस्था मुकेश के मुरीद का वार्षिक संगीत कार्यक्रम 'एक संगीतमयी शाम मुकेश जी के नाम' 10 अगस्त को डेढ़ बजे पंचायत भवन में आयोजित किया जायगा। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शिवकान्त शर्मा ने बताया कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी कार्यक्रम के मुख्यतिथि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के सेशन जज डीआर चालिया करेंगे। इस बार चार टीमों के बीस प्रतिभागियों का एकल गायन एवं चार टीमों का दो गाने के लिए चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त मनमोहक मेहमान प्रस्तुतियां भी होंगी।

### भैंस चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी ने भैंस व कटड़ी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विकास निवासी दिनोद ने थाना सदर पुलिस भिवानी को भैंस और कटड़ी चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी की पहचान शुभम पुत्र विशंभर निवासी देवसर जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी की गई कटडी व भैंस को बरामद किया गया है।

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर उमड़ी भीड़ रोडवेज बसों के पीछे लगानी पड़ी दौड़

## रोडवेज नहीं मिली तो निजी वाहनों का लेना पड़ा सहारा, घंटों करना पड़ा इंतजार

■ ज्यादातार महिलाएं रोडवेज बसों के इंतजार में ही खड़ी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** बस अड्डे पर बसों के अभाव में भीड़ का दृश्य और बसों का इंतजार करतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

सरकार की रोडवेज बसों में निःशुल्क सफर महिलाओं को ऐसा भाया कि हर महिला अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए निकल पड़ी। हालात ये बने कि रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर बस अड्डों पर जबरदस्त भीड़ भड़ाका रहा। ज्यादा सवारी होने क वजह से बस कम पड़ती नजर आई। महिलाएं कभी किसी बस के पीछे तो कभी किसी बस के पीछे दौड़ लगाती नजर आई। कई महिलाओं को बस न मिलने की वजह से निजी वाहनों में सफर करना पड़ा। यह स्थिति किसी एक बस अड्डे पर नहीं,बल्कि सभी बस अड्डों पर इसी तरह की समस्या देखने को मिली। देर शाम तक इसी तरह की समस्या बनी रही। जैसे ही सरकार की फ्री बस सेवा शुरू करने की घोषणा हुई। उसके बाद महिलाओं का अपने मायके या भाइयों के पास जाने का कार्यक्रम शुरू हो गया। बस अड्डों पर भीड़ पहुंचने लगी। जैसे ही किसी बूथ पर कोई रोडवेज बस लगती तो कुछ ही क्षणों में बस की सारी सीटें फुल हुई। यह नजारा सभी बूथों का रहा। कभी भीड़ किसी तरफ हिचकौले खाती तो कभी किसी दिशा में । सारा दिन इसी तरह की स्थिति बनी रही। कई बूथों में रोडवेज बसों के अभाव में महिलाओं को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। हालांकि कुछ महिलाओं ने निजी वाहन से सफर करके गंतव्य तक पहुंची,लेकिन ज्यादातार महिलाएं रोडवेज बसों के इंतजार में ही खड़ी रही। रोडवेज के आने के बाद ही वे अपने घर या गंतव्य तक पहुंची। दूसरी तरफ बसों के अभाव में निजी वाहन चालकों ने भी जमकर चांदी काटी। निजी वाहन चालकों ने सवारियों से मनमाफिक किराया वसूल किया। जिससे महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### पुलिस का रहा बेहतरीन सहयोग

बस अड्डे पर पुलिस चौकी स्थापित होने के बाद पहली बार किसी इस तरह के बड़ा पर्व आया है और महिलाओं को निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। ऐसे में अफरा तफरी होना लाजिमी है। चौकी में तैनात महिला व अन्य पुरुष कर्मचारियों ने जबरदस्त तालमेल बैठाकर अफरा तफरी नहीं होने दी। बल्कि ज्यादा भीड़ भड़ाका होने की वजह से कई महिलाओं के आपस में बैग बदल गए तो रोडवेज कर्मचारी व पुलिस वालों ने मिलकर इन्क्वारी से स्पीकर से मुनादी करके असल महिलाओं के बैग दिलाए। महिलाओं ने भी पुलिस व रोडवेज कर्मचारियों का आभार जताया।



### सीजेएम ने ओल्ड एज होम का किया औचक निरीक्षण

**चरखी दादरी।** शहर के रोहतक रोड चंपापुरी स्थित राधा कृष्ण ओल्ड एज होम का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य दंडाधिकारी माननीय न्यायाधीश सीजेएम संजीव काजल ने औचक निरीक्षण किया।

■ सीनियर सिटिजन होम में रह रहे वृद्धजनों का हाल-चाल व दिनचर्या के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान सीनियर सिटिजन होम में रह रहे वृद्धजनों का हाल-चाल व दिनचर्या के बारे में जानकारी ली।

सीनियर सिटिजन होम के संचालक राजेश कुमार ने सभी वृद्धजनों की समस्याओं से अवगत करवाया। सीनियर सिटिजन होम में बसेरा करने वाले महिला एवं पुरुष अच्छी तरह से रह रहे हैं और समय पर भोजन, जलपान व दवाई आदि सभी प्रकार की सेवाएं दी जा रही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य दंडाधिकारी माननीय न्यायाधीश संजीव काजला के समक्ष संचालक राजेश कुमार ने वृद्ध जनों की पेंशन संबंधी समस्याएं रखी गई। जिनमें आधार कार्ड, परिवार पहचान, आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिकायतों से अवगत कराया गया। जिनके कारण वृद्धजनों की पेंशन नहीं बन पा रही है और इस सीनियर सिटिजन होम में रह रहे दिव्यांग एवं वृद्धजनों की पेंशन न बनने के कारण समस्या होती है। मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजल ने कहा कि शीघ्र ही सभी वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र बनवाए जाएंगे।

## जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम


**भिवानी।** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विश्वेश ए कैरियर फोकस्ड स्कूल में शुक्रवार को जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में दादरी जिले दर्जनों विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया।

प्रतिभागी विद्यालयों में विश्वेश ए कैरियर-फोकस्ड स्कूल गांधीनगर, एपीजे स्कूल, आरपीएस स्कूल, सक्षम स्कूल, यूनिवर्सल स्कूल चिड़िया, आदर्श स्कूल, वैश्य स्कूल, डीआरके स्कूल, परसराम हेतराम स्कूल सहित अन्य स्कूलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न राउंड में प्रतिभागियों ने शानदार खेल भावना और तीरंदाजी के प्रति गहरी लगन का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आयोजन विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

# सरकार गरीब और आम आदमी की भलाई के लिए प्रतिबद्ध : ढांडा

■ पंचायत भवन में आयोजित हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

■ 15 परिवादों में से नौ का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष के लिए संबंधित विभागों को जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों के परिवाद सुनते हुए।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए नीतियां लागू कर रही है। भाजपा सरकार आम आदमी की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

शिक्षा मंत्री ढांडा शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों का निपटारा करने के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। बैठक के दौरान डीसी साहिल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह, भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकी, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने बैठक में रखे गए कुल 15 परिवादों में से नौ परिवादों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष के लिए संबंधित विभागों को गहनता से जांच के आदेश दिए।

**जर्जर स्कूलों की सूचीं तैयार करें**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश में स्कूलों के आधारभूत ढ़ांचों में तेज गति से सुधार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के आला प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदेश में जर्जर हो चुके स्कूलों की सूची तैयार करें ताकि कंडम घोषित किए जा चुके स्कूलों की जगह नए भवनों का निर्माण करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्कूल भवनों के नवनिर्माण के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनको संस्कारवान बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

### मंत्री ने किया हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दौरा

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढ़ांडा आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में पहुँचे। बोर्ड परिसर में स्थित उपाध्यक्ष आवास पर बोर्ड अध्यक्ष प्रो (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर व सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय शिक्षा मंत्री का स्वागत किया और मंत्री को पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा गत दिनों एचटेट की परीक्षा का नकलरहित, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित संचालन करवाने पर बोर्ड प्रशासन की सराहना करते हुए बधाई दी, साथ ही कहा कि ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से ऐसा काम करते रहो जिससे जनमानस में एक सकारात्मक संदेश जाए।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई उपरांत शिक्षा मंत्री ढांडा व भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक ने वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत स्थानीय पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उप वन संरक्षक डॉ. राजेश वत्स भी मौजूद रहे।

## खंड स्तरीय खेल उत्सव में बोहल स्कूल बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार आयोजित खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, बवानी खेड़ा में राजकीय उच्च विद्यालय बोहल के छात्र-छात्राओं में पूरे बवानी खेड़ा खंड में बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में खो-खो लड़की अंडर 17, व अंडर 17 व अंडर 14 की प्रतिस्पर्धा शतरंज, बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, तैराकी, साइकिलिंग आदि सभी खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे बवानी खेड़ा खंड के लगभग चार दर्जन सरकारी व निजी विद्यालयों में राजकीय उच्च विद्यालय बोहल ने कुल 15 पोजीशन प्रथम स्थान की प्राप्त की है। ऐसा कोई आयोजन नहीं है जिसमे बोहल स्कूल के बच्चे बैगर पोजीशन के रहे। बच्चों के विद्यालय पहुंचने पर ग्रामीणों ने बच्चों व विद्यालय विद्यालय स्टाफ को सम्मानित किया विद्यालय मुख्यअध्यापक संदीप शर्मा ने इन जीत का श्रेय बच्चों की मेहनत व लगन को दिया। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र प्रधान नरेंद्र, पवन, विद्यालय इवेंट प्रभारी कुलदीप यादव मिलकपुर, राजेश कुमार मदनपाल नीलम सुरेश सत्यवान संदीप नेहरा संदीप, शीला इत्यादि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

■ अपनी क्षमता दिखाने और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देती है खेल प्रतियोगिताएं : बीईओ

■ मुक्केबाजी में शिवम, सुमित व तेजस ने जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में बनाई जगह : पिंकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** भीम स्टेडियम में विजेता टीम के साथ खेल प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

भीम स्टेडियम में आयोजित करवाई गई दो दिवसीय लडक़ों की अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी अनिल गौड की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रबंधक कमेटी के रूप में प्राचार्य रीमा परमार स्टेट अवॉर्डी, प्राचार्य पवन शास्त्री स्टेट अवॉर्डी, सीमा सरदाना, रविंद्र वैद, सत्यवान कोच, एईईओ डॉक्टर अनिल कुमार, प्रतियोगिता के ऑल ओवर इंचार्ज एवं प्रभारी प्रवक्ता मदन गोपाल प्रतियोगिता के सह प्रभारी शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू रहे।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग 20 ओलंपिक व 12 नॉन ओलंपिक खेल विधाओं में आयोजित गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका सुखदेव डीपीई, राजेश्वर डीपीई, राजेश सिवाच, राजवंती प्रवक्ता, सुनील कोहड़, सुशील दहिया, वीरेंद्र घणघस, श्रीपाल डीपीई, रामचंद्र पुनिया, प्रवीण भारद्वाज, मोतीलाल जांगड़ा, संजय सैनी, सरिता डीपीई, मंजीत पालवास, राजेश डीपीई धनाना, रविंद्र डीपीई तालू, आदि ने निभाई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी अनिल गौड ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देती है। इससे युवाओं को भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में अपनाएं, ताकि वे शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रहकर देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें।

खंड स्तरीय स्कूली लडक़ों की खेल प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर-19 लडक़ों में फुटबॉल में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी प्रथम, हलवासिया विद्या विहार द्वितीय, दिल्ली वल्ड पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रही। वही अंडर-17 आयु वर्ग की फुटबॉल के लडक़ों में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन भिवानी ने हलवासिया विद्या विहार भिवानी को एक तरफ मुकाबले 3-0 के स्कोर से हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, और हलवासिया विद्या विहार भिवानी की टीम ने दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वही अंडर 17 आयु वर्ग की लडक़ों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 46 किलोग्राम भार वर्ग में शिवम प्रथम, 48 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित, 50 किलोग्राम भार वर्ग में तेजस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय स्कूल अंडर 17 प्रतियोगिता में जगह बनाई।

इन मैचों के रैफरी दिलबाग डीपीई कितलाना, अमित सर्वपल्ली राधाकृष्ण स्कूल, संदीप दिल्ली वल्ड पब्लिक स्कूल, राम भगत हलवासिया विद्या विहार, रणवीर कोच फुटबॉल, पवन प्रवक्ता राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी ने निभाई। प्रतियोगिता की विजेता टीम 25 व 26 अगस्त को होने वाली लडक़ों की जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंडर -19 17 को में भाग लेगी।

### ऐतिहासिक गांव सिंघानी में कार्यक्रम का आयोजन

# डे-नाइट कबड्डी में जींद के अर्जुन स्टेडियम की टीम रही विजेता

■ शहीदों के नाम समर्पित सिंघानी का शौर्य महोत्सव, देशभक्ति एवं भाईचारे का अद्भुत संगम

■ 8 अगस्त 1935 को फायरिंग में 23 ग्रामीण हो गए थे शहीद

■ जींद ने मोनी, हटवाला को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढिगावा मंडी


**भिवानी।** मंच पर उपस्थित मुख्यतिथि, वशिष्ठ अतिथि व गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

ऐतिहासिक गांव सिंघानी का बेहद पुराना एवं गौरवमयी इतिहास रहा है। 8 अगस्त 1935 को उस समय की नवाबी पुलिस ने गांव में मौजूद किसान, मजदूर और ग्रामीणों पर फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में 23 ग्रामीण शहीद हो गए थे। हर साल 8 अगस्त को गांव का हर शख्स उस दिन की याद में दो दिवसीय कार्यक्रम करता है। आज 8 अगस्त को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य कार्यक्रम पूरे जोश एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया। मुख्यतिथि अजय भगासरा ने ध्वजारोहण कर एवं शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और युवाओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

समिति की ओर से शहीदों के परिजनों को विशेष सम्मान प्रदान किया। वहीं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विजय सिंघानी ने समिति की तरफ से धन्यवाद किया। डे-नाइट कबड्डी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में अर्जुन स्टेडियम, जींद ने मोनी, हटवाला को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एमडीयू, रोहतक ने संदीप अकादमी, बनवासा को हराया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

### विजेता को मिले 51 हजार

अर्जुन स्टेडियम जींद ने शानदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाली अर्जुन स्टेडियम जींद की टीम को 51000 रुपये, उपविजेता एमडीयू रोहतक को 31000 रुपये, तृतीय स्थान हासिल करने वाली मोनी हटवाला को 11000 रुपये और चतुर्थ स्थान संदीप अकादमी बनवासा को भी 11000 रुपये देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण उद्घाटनकर्ता विजय सिंघानी के हाथों संपन्न हुआ। शहीदी दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया और सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया। जयवीर सिंघानी एवं मनीषा दादरी ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आइडियल इंटरनेशनल स्कूल सिंघानी की एनसीसी इकाई द्वारा परेड और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक सोमबीर सिंह, समिति के प्रधान विकास श्योराण, दलबीर ठेकेदार, प्रोफेसर पवन कालिया, जगप्रवेश श्योराण, संदीप कुमार, परमेंदर आर्या प्रधान श्योराण खाप उत्तर प्रदेश, सरपंच संजीत, महाबीर प्रधान, प्रदीप श्योराण, राधेश्याम, कृष्ण नागल, उमेद श्योराण, सुरेंद्र श्योराण आदि उपस्थित रहे।



### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गिगनाऊ स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम, दिखाई प्रतिभा

**लोहारू।** लोहारू के चौधरी देवीलाल खेल स्टेडियम में दो दिन पहले संपन्न हुई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गिगनाऊ के स्वतंत्रता सेनानी चौधरी जगराम राजकीय वमा विद्यालय के खिलाड़ियों ने सफलता का परचम लहराया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य नरेंद्र गहलावत ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि हार जीत खेल का आवश्यक हिस्सा है, परिणाम कुछ भी हो, खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। उपलब्धियों के लिए शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता संदीप श्योराण और डीपीई मुनीता देवी के कुशल मार्गदर्शन को श्रेय दिया। प्रवक्ता श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि विद्यालय की अंडर 17 के मुकाबले मे बारहवीं की भावना ने शतरंज में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल और प्रीति वर्मा ने दूसरा स्थान जीता। अंडर 17 की बैडमिंटन मुकाबले मे 12वी की प्रिया ने स्वर्ण पदक झटका। अंडर 17 की 400 मीटर दौड़ मे कला संकाय की रीना ने गोल्ड प्राप्त किया। 800 मीटर में रीना ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 19 मुकाबलों की 400 मीटर रेस में 12वी की पूनम ने खंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। वहीं दीपिका 100 मीटर व 200 मीटर में तृतीय रही। शॉट पुट में 12वीं की तनीषा ने गोल्ड, 200 मीटर रेस अंडर 17 लड़कों के मुकाबले में हेमंत ने प्रथम, लॉन्ग जम्प में जीतेन्द्र ने गोल्ड, ताइक्वाडो में सन्नी ने खंड में पहला, जेवलिन थ्रो में सौरव ने दूसरा तथा 400 मीटर दौड़ में नितिन तीसरे और जितेन्द्र दूसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर शकुंतला मान, नीलम जाखड़, मुनिया रानी, सुकीर्ति, पुष्पा जोशी, सपना, मुकेश कुमारी, पूनम, सुमन, मुकेश शर्मा व हरीश आदि उपस्थित रहे।